दिनांक–19.03.2024 समय–7.10एएम

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रातःकालीन समाचार**

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश में पहले चरण में लोकसभा की 6 सीटों के लिए कल जारी होगी अधिसूचना, 19 अप्रैल को मतदान।
- लोकसभा चुनावों को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण और जनजागरूकता के कार्यक्रम जारी।
- नागरिकों से बिजली के तारों के नीचे होलिका दहन नहीं करने की मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कि अपील।
- प्रदेश में कुछ जिलों में बारिश और ओलावृष्टि 20 मार्च तक रहेगी जारी।

**प्रदेश अधिसूचना**

प्रदेश में पहले चरण में छह लोकसभा संसदीय क्षेत्रों सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट एवं छिंदवाड़ा में 19 अप्रैल को मतदान होगा। इसके लिए अधिसूचना कल 20 मार्च को जारी होगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। इनमें से चार सामान्य और दो आदिवासी सीटें हैं। पहले चरण के लिए सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और छिंदवाड़ा के लिए भाजपा ने अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं जबकि कांग्रेस की तीसरी सूची में इन लोकसभा सीटों के लिए बचे नामों का ऐलान हो सकता है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार इन सभी लोकसभा सीटों पर नामांकन जमा करने की आखिरी तारीख 27 मार्च होगी और 28 मार्च को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी का काम किया जाएगा। 30 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

**लोकसभा तैयारियां–प्रदेश**

प्रदेश के सभी जिलों में लोकसभा निर्वाचन की तैयारियां जारी है। **खंडवा** जिले में सभी विधानसभा क्षेत्रों में सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। ये सेक्टर अधिकारी अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में स्वतंत्र निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करायेंगे। कल जिले के सभी सेक्टर अधिकारियों एवं पुलिस सेक्टर अधिकारियों के प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि वे अपने सेक्टर का भ्रमण कर मतदान केन्द्रों में स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करायें। **आगरमालवा** कलेक्टर कल हुई टीएल बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देष दिये कि राजस्व एवं पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर, नागरिको से संवाद करते हुए चर्चा कर फीडबैक लें, साथ ही मतदान केंद्रों का भ्रमण कर भौतिक सत्यापन कर मूलभूत सुविधाएं देखें। **डिंडोरी** में कलेक्ट्रट सभाकक्ष में आयोजित समय–सीमा की बैठक में लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। जिला कलेक्टर ने कहा कि सोशल मीडिया से भ्रामक खबरें त्वरित प्रसारित होती है, इसलिए सोशल मीडिया मानीटरिंग उचित रूप से करना होगा। **ग्वालियर** संभागायुक्त डॉ सुदाम खाड़े ने कल **शिवपुरी** में लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में बताया कि जिले में 19 चेकपोस्ट बनाए गए हैं।

जिले में 167 सेक्टर अधिकारी बनाए गए हैं। एसएसटी, एफएसटी टीम गठित की गई हैं। एकीकृत कंट्रोल रूम नवीन तहसील कार्यालय में बनाया गया है। **रायसेन** में हुई बैठक में कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की। जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। **मुरैना** जिले में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जौरा के ब्लॉक में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाविद्यालय जौरा में किया गया। **बालाघाट** के विकासखण्ड लालबर्रा में खेल विभाग, जन अभियान परिषद, नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से मतदाता जागरूकता अभियान, जन जागरूकता रैली, परिचर्चा एव सभी युवा साथियों को मतदान की शपथ दिलाई गई। साथ ही 19 अप्रैल को मतदान कराने वाले अमले का प्रशिक्षण का दौर 21मार्च से प्रारम्भ होगा। **बैतूल** जिले कल जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक के साथ जे एच कॉलेज स्थित मतगणना एवं मतदान स्थल का निरीक्षण किया। **अशोकनगर** कलेक्टर की अध्यक्षता में कल मीडिया मॉनिटरिंग एवं सर्टिफिकेशन कमेटी का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

**राहुल–मोदी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने स्पष्ट किया कि शक्ति से उनका तात्पर्य उस ताकत से है जिसने भारत की आवाज, भारत की संस्थाओं और भारत के पूरे संवैधानिक ढांचे को अपने चंगुल में फंसा लिया है।

सोशल मीडिया पोस्ट में श्री गांधी ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उनकी टिप्पणियों के अर्थ को तोड़–मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाया।

**होलिका दहन–अपील**

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सभी ग्रामीण एवं शहरी बिजली उपभोक्ताओं तथा आम नागरिकों से सुरक्षित होलिका दहन के लिये अपील की है। कंपनी ने कहा है कि बिजली के खंभे, ट्रांसफार्मर या फिर बिजली की ऐसी लाइनें जिसमें विद्युत प्रवाहित होती है, उनके नीचे होलिका दहन न करें। लाइनों के नीचे होलिका दहन से दुर्घटना की संभावना सदैव बनी रहती है। आग की लपटों से एल्यूमिनियम तारों एवं बिजली केबल के गलने, जलने और टूटने की संभावना सदैव रहती है। कंपनी ने सभी बिजली उपभोक्ताओं एवं नागरिकों से अपील है कि होलिका दहन बिजली की चालू लाइनों, उपकरणों से दूर करें और प्रसन्नता से त्यौहार मनाये।

**चुनावी बांड**

सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय स्टेट बैंक–एसबीआई को चुनावी बॉन्ड से संबंधित सभी विवरण की जानकारी देने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने एसबीआई को 21 मार्च तक खरीददार और प्राप्तकर्ता राजनीतिक पार्टी के बीच के संपर्क को दर्शाने वाले यूनिक बॉन्ड नंबरों की भी जानकारी देने को कहा है। न्यायालय ने एसबीआई के अध्यक्ष को 21 मार्च की शाम 5 बजे तक न्यायालय के समक्ष हलफनामा दाखिल करने को कहा है। इस हलफनामे में यह दर्शाया जाना चाहिए कि एसबीआई ने बॉन्ड से संबंधित सभी जानकारी दे दी है।

**प्रवेश परीक्षा**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 मई से 31 मई के बीच आयोजित करायेगी। आयोग के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने कहा है कि आवेदन की अंतिम तिथि 26 मार्च के बाद पंजीकृत छात्रों की संख्या और उनकी भौगोलिक स्थिति की जानकारी मिल सकेगी।

**मौसम**

प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल रहा है। जहां एक तरफ कुछ जिलों में दिनभर धूप की तपिश रही, वहीं कुछ जिलो में बेमौसम बारिश हो रही है। अनूपपुर जिले की सभी तहसीलों में बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी है। कांसा और कर्राटटोला में तीन पालतू मवेशियों की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। कल बैतूल जिले के शाहपुर और भैंसदेही, छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव, परासिया, मोहगांव, पांडुरना और मंडला के बिछिया में ओले गिरे। सबसे ज्यादा बारिश जुन्नारदेव में एक इंच दर्ज की गई। मौसम विभाग, भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि अभी उत्तरी ओडिशा के ऊपर से छत्तीसगढ़ होते हुए विदर्भ तक ट्रफ लाइन गुजर रही है। इस कारण दक्षिण–पश्चिमी हवाएं अरब सागर से नमी ला रही है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि आज शहडोल–अनूपपुर में रेड अलर्ट है। दमोह, नरसिंहपुर, सिवनी, पांढुर्णा, जबलपुर, कटनी, उमरिया, डिंडोरी, मंडला और बालाघाट में आंधी–बारिश और ओले का मौसम रहेगा। प्रदेश में 20 मार्च तक बारिश–ओले का दौर चलने का अनुमान है।

**निरक्षर परीक्षा**

जबलपुर जिले में पंच, सरपंच और यहाँ तक की जिला पंचायत सदस्य भी साक्षरता की परीक्षा दे रहे हैं। जिले के 1830 केन्द्रों में परीक्षा के दौरान ऐसे कई दिलचस्प नजारे देखने मिले, जहां कई स्कूलों में उम्रदराज परीक्षार्थी भी नजर आए। इस संबंध में संकुल सह समन्वयक विपिन विश्वकर्मा ने बताया कि साक्षरता दर बढ़ाने राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देश पर नवसाक्षरों के लिए मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता परीक्षा का आयोजन किया गया। जिनमें तकरीबन 42 हजार नवसाक्षर परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा के दौरान अनेक शालाओं में नवसाक्षरों का स्वागत–सम्मान किया गया।

**स्विस ओपन बैडमिंटन**

स्विस ओपन सुपर–300 बैडमिंटन टूर्नामेंट–2024 आज से स्विट्जरलैंड के बेसल में शुरू होगा। पुरुष एकल वर्ग में, सातवीं वरीयता प्राप्त भारत के लक्ष्य सेन 32वें राउंड में मलेशिया के लिओंग जून हाओ के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे जबकि किदांबी श्रीकांत ताइवान के वांग त्जु–वेई से भिड़ेंगे। महिला एकल में चौथी वरीयता प्राप्त पी वी सिंधु को 32वें राउंड में जर्मनी की यवोन ली से भिड़ना है। टूर्नामेंट का समापन 24 मार्च को होगा।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- आगरमालवा में में कृषकों से समर्थन मूल्य पर उपार्जन को लेकर कल पैक्स समितियों के प्रबंधक एवं ऑपरेटरों की बैठक में कलेक्टर ने केन्द्र प्रभारियों को किसानों से गेहूं खरीदी हेतु उपार्जन केन्द्रों पर सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।
- गुना कलेक्टर द्वारा 45 शासकीय एवं 18 अशासकीय गौशालाओं को 01 करोड़ 18 लाख 38 हजार पांच सौ साठ रुपये की अनुदान राशि जारी की गयी है। शासकीय गौशालाओं में उपलब्ध 3958 गौवंश एवं अशासकीय गौशालाओं में उपलब्ध 2476 गौवंश के लिये व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी।
- छतरपुर जिले में पानी का गिरता जल स्तर देख कर जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है।
- पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के नीमच–रतलाम खंड के दोहरीकरण कार्य के तहत नामली से धौसवास के मध्य दोहरीकरण का कार्य अंतिम चरण में है। इस कारण उज्जैन–चित्तौड़गढ़–उज्जैन पैसेंजर का परिचालन निरस्त किया गया है।
- मंदसौर में सांसद सुधीर गुप्ता ने सीपीएस पद्धति के सभी अफीम किसानों से अपील की है कि कोई भी किसान किसी भी अधिकारी या मुखियों को किसी भी तरह का रिश्वत का लेन देन ना करें।

---

## न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

### (1) प्रदेश अधिसूचना

प्रदेश में पहले चरण में छह लोकसभा संसदीय क्षेत्रों सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट एवं छिंदवाड़ा में 19 अप्रैल को मतदान होगा। इसके लिए अधिसूचना कल 20 मार्च को जारी होगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। इनमें से चार सामान्य और दो आदिवासी सीटें हैं। पहले चरण के लिए सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और छिंदवाड़ा के लिए भाजपा ने अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं जबकि कांग्रेस की तीसरी सूची में इन लोकसभा सीटों के लिए बचे नामों का ऐलान हो सकता है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार इन सभी लोकसभा सीटों पर नामांकन जमा करने की आखिरी तारीख 27 मार्च होगी और 28 मार्च को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी का काम किया जाएगा। 30 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

### (2) लोकसभा तैयारियां-प्रदेश

प्रदेश के सभी जिलों में लोकसभा निर्वाचन की तैयारियां जारी है। खंडवा जिले में सभी विधानसभा क्षेत्रों में सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। ये सेक्टर अधिकारी अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में स्वतंत्र निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करायेंगे। कल जिले के सभी सेक्टर अधिकारियों एवं पुलिस सेक्टर अधिकारियों के प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि वे अपने सेक्टर का भ्रमण कर मतदान केन्द्रों में स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करायें। आगरमालवा कलेक्टर कल हुई टीएल बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देष दिये कि राजस्व एवं पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर, नागरिको से संवाद करते हुए चर्चा कर फीडबैक लें, साथ ही मतदान केंद्रों का भ्रमण कर भौतिक सत्यापन कर

मूलभूत सुविधाएं देखें। डिंडोरी में कलेक्ट्रट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। जिला कलेक्टर ने कहा कि सोशल मीडिया से भ्रामक खबरें त्वरित प्रसारित होती है, इसलिए सोशल मीडिया मानीटरिंग उचित रूप से करना होगा। ग्वालियर संभागायुक्त डॉ सुदाम खाड़े ने कल शिवपुरी में लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में बताया कि जिले में 19 चेकपोस्ट बनाए गए हैं।

जिले में 167 सेक्टर अधिकारी बनाए गए हैं। एसएसटी, एफएसटी टीम गठित की गई हैं। एकीकृत कंट्रोल रूम नवीन तहसील कार्यालय में बनाया गया है। रायसेन में हुई बैठक में कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की। जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। मुरैना जिले में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जौरा के ब्लॉक में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाविद्यालय जौरा में किया गया। बालाघाट के विकासखण्ड लालबर्रा में खेल विभाग, जन अभियान परिषद, नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से मतदाता जागरूकता अभियान, जन जागरूकता रैली, परिचर्चा एव सभी युवा साथियों को मतदान की शपथ दिलाई गई। साथ ही 19 अप्रैल को मतदान कराने वाले अमले का प्रशिक्षण का दौर 21मार्च से प्रारम्भ होगा। बैतूल जिले कल जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक के साथ जे एच कॉलेज स्थित मतगणना एवं मतदान स्थल का निरीक्षण किया। अशोकनगर कलेक्टर की अध्यक्षता में कल मीडिया मॉनिटरिंग एवं सर्टिफिकेशन कमेटी का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

(3) **होलिक□ दहन-अ□ील**

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सभी ग्रामीण एवं शहरी बिजली उपभोक्ताओं तथा आम नागरिकों से सुरक्षित होलिका दहन के लिये अपील की है। कंपनी ने कहा है कि बिजली के खंभे, ट्रांसफार्मर या फिर बिजली की ऐसी लाइनें जिसमें विद्युत प्रवाहित होती है, उनके नीचे होलिका दहन न करें। लाइनों के नीचे होलिका दहन से दुर्घटना की संभावना सदैव बनी रहती है। आग की लपटों से एल्यूमिनियम तारों एवं बिजली केबल के गलने, जलने और टूटने की संभावना सदैव रहती है। कंपनी ने सभी बिजली उपभोक्ताओं एवं नागरिकों से अपील है कि होलिका दहन बिजली की चालू लाइनों, उपकरणों से दूर करें और प्रसन्नता से त्यौहार मनाये।

(4) **मौसम**

प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल रहा है। जहां एक तरफ कुछ जिलों में दिनभर धूप की तपिश रही, वहीं कुछ जिलो में बेमौसम बारिश हो रही है। अनूपपुर जिले की सभी तहसीलों में बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी है। कांसा और कर्राटटोला में तीन पालतू मवेशियों की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। कल बैतूल जिले के शाहपुर और भैंसदेही, छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव, परासिया, मोहगांव, पांडुरना और मंडला के बिछिया में ओले गिरे। सबसे ज्यादा बारिश जुन्नारदेव में एक इंच दर्ज की गई। मौसम विभाग, भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि अभी उत्तरी ओडिशा के ऊपर से छत्तीसगढ़ होते हुए विदर्भ तक ट्रफ लाइन गुजर रही है। इस कारण दक्षिण-पश्चिमी हवाएं अरब सागर से नमी ला रही है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि आज शहडोल-अनूपपुर में रेड अलर्ट है। दमोह, नरसिंहपुर, सिवनी, पांढुर्णा, जबलपुर, कटनी, उमरिया, डिंडोरी, मंडला और बालाघाट में आंधी-बारिश और ओले का मौसम रहेगा। प्रदेश में 20 मार्च तक बारिश-ओले का दौर चलने का अनुमान है।

------------------------------